फिल्म 'तुम्बाड 2' में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म 'तुम्बाड 2' में नजर आएंगे.

तुम्बाड के अगले अध्याय को एक नई और दमदार ताकत मिल गई है. नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'तुम्बाड 2' में नज़र आएंगे. नवाज़ुद्दीन इस सीक्वल की कहानी में ज़बरदस्त गहराई लाएंगे. हालाँकि उनके किरदार के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि वह फिल्म की कहानी में एक बहुत ज़रूरी रोल निभाएंगे, जो दर्शकों को मनोवैज्ञानिक रूप से झकझोर देगा और उनके नैतिक मूल्यों को चुनौती देगा. नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, 'मैं 'तुम्बाड' की ऑरिजिनैलिटी और उसकी माहौल बनाने वाली कहानी का हमेशा से मुरीद रहा हूँ. जब सोहम ने मुझे सीक्वल का विज़न बताया, तो मुझे कहानी पसंद आई और मैं इस सफ़र में उनके साथ जुड़ गया. इतने बड़े प्रोजेक्ट पर सोहम शाह और पेन स्टूडियो के साथ काम करना वाकई एक्साइटिंग है. मैं जो किरदार निभा रहा हूँ, उसमें कई परतें हैं, और मैं इतनी पैशनेट टीम के साथ इस इम्मर्सिव यूनिवर्स को एक्सप्लोर करने के लिए उत्सुक हूँ. ' सोहम शाह ने कहा, 'नवाज़ सर को 'तुम्बाड 2' में लाना हमारे लिए बहुत एक्साइटिंग है. वह ऐसे एक्टर हैं जो हर रोल में गजब की शिद्दत और असलियत लाते हैं. वो जो किरदार निभाएंगे, वो सीक्वल के इमोशनल और साइकोलॉजिकल माहौल को बड़ा करने में बहुत अहम है. नवाज़ सर के आने से, हमें लगता है कि कहानी गहराई और असर के मामले में एक अलग ही लेवल पर पहुंच जाएगी.'

निर्माता डॉ. जयंतीलाल गड़ा ने कहा, 'पेन स्टूडियोज में हम बेहतरीन कंटेंट दिखाने के लिए कमिटेड हैं और इसलिए 'तुम्बाड 2' के साथ हम सिनेमैटिक एक्सपीरियंस को और भी बड़े लेवल पर ले जा रहे हैं. नवाजुद्दीन सिद्दीकी को साथ लाना उस विज़न के साथ बिल्कुल सही बैठता है. उनकी कला, वर्सेटिलिटी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म को काफी ऊंचा उठा देगी. '

सीरीज 'एस्पिरेंट्स' का सीजन 3 जल्द होगा रिलीज

प्राइम वीडियो ने पनी सुपरहिट हिंदी ड्रामा सीरीज एस्पिरेंट्स सीजन 3 की वर्ल्डवाइड रिलीज डेट 13 मार्च घोषित कर दी है.

द वायरल फीवर के बैनर तले बनी और दीपेश सुमित्रा जगदीश द्वारा निर्देशित एस्पिरेंट्स सीजन 3 में नवीन कस्तुरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और टेंगम सेलिन अपने पुराने रोल्स में नजर आएंगे, वहीं जतिन गोस्वामी इस सीजन में नई एंट्री हैं.एस्पिरेंट्स सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर होगा.

नया सीजन डीएम अभिलाष की कहानी दो टाइमलाइन में दिखाता है. अभी के समय में, संदीप ओझा द्वारा लगाए गए आरोपों के कारण अभिलाष के खिलाफ जांच शुरू हो जाती है, जिससे उसके दोस्तों और परिवार के साथ रिश्ते खराब होने लगते हैं और करियर पर भी संकट आ जाता है. वहीं पास्ट में, आईआरएस बनने के बाद, युवा अभिलाष आखिरी बार आईएएस की तैयारी करने का फैसला करता है.

बबली दीदी के रूप में मोना सिंह का नया अंदाज

अभिनेत्री मोना सिंह प्राइम वीडियो की फिल्म 'सूबेदार' में बबली दीदी के दमदार किरदार में नजर आयेगी.

प्राइम वीडियो की फिल्म 'सूबेदार' ने एक ऐसा कास्टिंग सरप्राइज़ दिया है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी. बबली दीदी के रूप में, मोना सिंह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जिसे अपराध विरासत में मिला है. वह जेल के पीछे से अवैध रेत खनन के कई घाट चलाती हैं और सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) को लगातार अपनी उंगलियों पर नचाती हैं. ताकतवर, अनप्रिडिक्टेबल और देसी मिट्टी की हकीकत से जुड़ी, यह मोना सिंह का वो अवतार है जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा. यह कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के किसी भी कयास में इस ट्विस्ट की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती थी. मोना सिंह ने बताया, 'मुझे सुरेश (त्रिवेणी) का फोन आया, वो मेरे अच्छे दोस्त हैं. उन्होंने मुझसे कहा, 'मोना, मैं तुम्हें एक ऐसा रोल ऑफर कर रहा हूं जो तुमने पहले कभी नहीं किया है.' उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई और मेरे किरदार के बारे में बताया, तो मेरा रिएक्शन था 'अरे बाप रे! यह क्या दे दिया मुझे?' मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था.'

मोना सिंह ने कहा, 'मुझे लगता है कि सुरेश के साथ काम करने का यह सबसे अच्छा हिस्सा है.

शादी की खुशी बांटने निकला स्टार कपल

उदयपुर की शाही शादी के बाद अब रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने अपनी नई जिंदगी की शुरुआत आस्था और सेवा के साथ की है. सात फेरे लेने के तुरंत बाद यह नवविवाहित जोड़ा आंध्र प्रदेश के तिरुपति पहुंचा, जहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद लिया. तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर परिसर से सामने आए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं.

वीडियो में रश्मिका हरी कांजीवरम साड़ी और पारंपरिक गहनों में सजी हुई नजर आईं, जबकि विजय सफेद कुर्ता-पायजामा में बेहद सादगीपूर्ण अंदाज़ में दिखे. दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे मंदिर परिसर में चलते दिखाई दिए. उनके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी, लेकिन फैंस का उत्साह भी कम नहीं था. सैकड़ों की संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने कपल की एक झलक पाने के लिए इंतजार किया. विजय और रश्मिका ने भी हाथ जोड़कर सबका अभिवादन किया. भीड़ के बीच विजय का प्रोटेक्टिव अंदाज़ भी देखने को मिला. वे लगातार रश्मिका का ध्यान रखते नजर आए और उन्हें सुरक्षित आगे बढ़ाते रहे. इस दौरान विजय के छोटे भाई आनंद देवरकोंडा भी उनके साथ मौजूद थे.



शादी के बाद कपल की सादगी ने भी लोगों का दिल जीत लिया. उदयपुर से हैदराबाद लौटते वक्त दोनों को इकोनॉमी क्लास में सफर करते देखा गया. फ्लाइट का वीडियो वायरल होते ही फैंस ने उनकी डाउन-टू-अर्थ पर्सनालिटी की जमकर तारीफ की. इतना ही नहीं, इस स्टार जोड़ी ने अपनी शादी की खुशी पूरे देश के साथ बांटने का फैसला किया है. सोशल मीडिया पर साझा किए गए भावुक संदेश में उन्होंने लिखा कि वे देशभर में मिठाइयों से भरे ट्रक भेजेंगे और कई मंदिरों में अन्नदान करेंगे. उनके इस कदम को फैंस 'स्टारडम के साथ संवेदनशीलता' का बेहतरीन उदाहरण बता रहे हैं.

जी सिने अवॉर्ड्स ने मनाया भारतीय सिनेमा का शानदार जश्न

जी सिने अवॉर्ड्स 2026 भारतीय सिनेमा का एक भव्य और यादगार उत्सव बनकर सामने आया. ये वो रात थी जहां भव्यता और जज़्बात साथ नजर आए, जहां विरासत और नए दौर की कहानियां एक मंच पर मिलीं, और जहां रोशनी सितारों के साथ-साथ फैंस पर भी चमकी. मुंबई के मशहूर एनएससीआई डोम में आयोजित इस खास शाम में सिनेमा के एक अहम साल को सम्मानित किया गया और 'ये पल है फैंस का की थीम के साथ फैनटरटेनमेंट के जज़्बे को पूरे अंदाज़ में जिया गया. ये एक याद दिलाने वाला मजबूत पल था कि सिनेमा की हर बड़ी उपलब्धि को खास बनाते हैं वो दर्शक, जो उसे दिल से अपनाते हैं. इस शाम की शानदार शुरुआत आइकॉनिक पर्पल कारपेट से हुई, जिसने पूरे आयोजन का मूड तय कर दिया. ये सिर्फ एंट्री नहीं थी, बल्कि एक खास लम्हा था. अक्षय कुमार मिडनाइट ब्लैक वेलवेट सूट में नजर आए, जिसे उन्होंने ओपन कॉलर व्हाइट शर्ट के साथ पेयर किया था, और हमेशा की तरह करिश्माई लगे. विक्की कौशल ब्लैक टक्सीडो में बेहद स्मार्ट दिखे. वरुण धवन टेलर्ड माइक्रो चेक श्री पीस सूट में पहुंचे, जिसमें रेट्रो स्टाइल फ्लेयर्ड ट्राउजर और स्लीक ब्लैक बूट्स शामिल थे, और उन्होंने अपनी सिग्नेचर एनर्जी से जश्न में चार चांद लगा दिए. वहीं नोरा फतेही हाई नेक आइवरी ब्लाउज और स्कल्पटेड ब्लैक मरमेड स्कर्ट में नजर आईं और पूरे आत्मविश्वास के साथ कारपेट पर छा गईं.

अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करेंगी संयुक्ता

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री संयुक्ता फिल्मकार पुरी जगन्नाथ की अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करती नजर आयेंगी.

संयुक्ता ने हाल ही में तब्बू के साथ काम करने का अनुभव साझा किया और ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री की एक झलक भी दी. बड़े पैमाने पर बनी इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं, संयुक्ता फीमेल लीड के रूप में दिखेंगी और तब्बू एक बेहद अहम और इंटेंस किरदार में नज़र आएंगी, जिसकी इंडस्ट्री में खूब चर्चा है.

इस फिल्म का निर्माण चार्ममे कौर और पुरी जगन्नाथ ने अपने बैनर पुरी कनेक्ट्स के तहत किया है. शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ की तैयारी में है. हाल ही की बातचीत में संयुक्ता ने तब्बू की तारीफ की है. उन्होंने कहा, वह कुछ अलग ही हैं. जिस अंदाज़ और एनर्जी के साथ वह सेट पर आती हैं, वह बेहद खूबसूरत है. उन्होंने कंदुकोंडेन कंदुकोंडेन जैसी शानदार फिल्म की है, जो मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक है.

मेहर की शाही पार्टी में अभिरा का स्वैग

टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है का होली स्पेशल एपिसोड इस बार जबरदस्त ट्विस्ट लेकर आने वाला है. आठ साल बाद अभिरा और मेहर मित्तल आमने-सामने होंगे, और यह टकराव रंगों से ज्यादा तीखा नजर आएगा. प्रोमो में दिखाया गया है कि अभिरा के मोहल्ले का पानी अचानक बंद कर दिया जाता है. वजह—बिल्डर का दबाव.

जैसे ही अभिरा को इस चाल का पता चलता है, वह चुप नहीं बैठती. वह पूरे मोहल्ले वालों को साथ लेकर सीधे मेहर मित्तल की होली पार्टी में पहुंच जाती है. स्वैग के साथ एंट्री लेने के बाद अभिरा न सिर्फ मेहर को खरी-खोटी सुनाती है, बल्कि अरमान को भी साफ शब्दों में चेतावनी दे देती है.

खुशियों के बीच अनुपमा को ताने

अनुपमा दर्शकों को इमोशन, खुशी और तनाव का मिला-जुला पैकेज देने वाला है. कहानी की शुरुआत होगी अनुपमा के जन्मदिन से, जहां घर के बच्चे इस खास दिन को यादगार बनाने की तैयारी करते नजर आएंगे. राही अपनी मां के लिए हैंडमेड कार्ड बनाती है और परी साड़ी लेकर आती है. घर में चल रहे तनाव के बावजूद बच्चे यह तय करते हैं कि मां का बर्थडे धूमधाम से मनाया जाएगा. इसी बीच अस्पताल से खबर आती है कि प्रार्थना को लेबर पेन शुरू हो गया है. अनुपमा तुरंत अस्पताल पहुंचती है और अंश को संभालती है, जो बेहद घबराया हुआ है. थोड़ी ही देर में डॉक्टर खुशखबरी देते हैं—प्रार्थना ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है. परिवार में जश्न का माहौल बन जाता है. खास बात यह कि बच्ची और अनुपमा का जन्मदिन एक ही दिन पड़ता है, जिसे सभी शुभ संयोग मानते हैं. लेकिन खुशियों के इस मौके पर भी वसुंधरा कोठारी अपनी कड़वी जुबान से बाज नहीं आती. जब अनुपमा उनसे आशीर्वाद लेने जाती है, तो वह तंज कसते हुए कहती है कि बच्ची की किस्मत अनुपमा जैसी न हो. यह बात सुनकर अनुपमा आहत जरूर होती है, लेकिन वह चुप रहकर बच्ची की सलामती की दुआ मांगती है. माहौल तब और बिगड़ता है जब वसुंधरा राही और प्रेम पर बच्चा करने का दबाव बनाने लगती है. वह राही की पढ़ाई और प्राथमिकताओं पर सवाल उठाती है.

ऑटोमोबाइल

महिंद्रा एक्सईवी 9ई सिनेलक्स एडिशन लॉन्च

महिंद्रा ने अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सईवी 9ई का नया संस्करण लॉन्च किया है. इसे एक्सईवी 9ई सिनेलक्स एडिशन कहा गया है. यह संस्करण पैक थ्री वेरिएंट पर आधारित है और 79 किलोवाट-घंटा की बैटरी से चलता है. कंपनी का दावा है कि यह 500 किलोमीटर से अधिक की रेंज प्रदान करता है और स्टैंडर्ड एक्सईवी 9ई की दमदार प्रदर्शन क्षमता बनाए रखते हुए आरामदायक और शांत ड्राइव का अनुभव देगा.

सिनेलक्स एडिशन सैटिन काले और सैटिन सफेद रंगों में उपलब्ध है. इन रंगों के साथ कुछ विशेष डिजाइन तत्व भी दिए गए हैं, जो एसयूवी की प्रीमियम अपील को बढ़ाते हैं. बाहरी शैली महिंद्रा की आधुनिक इलेक्ट्रिक पहचान को बनाए रखती है. केबिन के अंदर चेस्टनट ब्राउन और नॉक्टर्न ब्लैक स्मूथ-ग्रेन लेदर फिनिशिंग दी गई है, जो लाउंज जैसा माहौल बनाती है. डैशबोर्ड पर तीन एचडी डिस्प्ले लगे हैं, जो पूरे डैशबोर्ड को कवर करते हैं. इसके साथ डॉल्बी एटमॉस के साथ 16 स्पीकर वाला हरमन कार्डन ऑडियो सिस्टम शानदार ध्वनि अनुभव देता है. इन्फिनिटी रूफ और परिवेश प्रकाश व्यवस्था 16 मिलियन से अधिक रंग विकल्प प्रदान करती है. सिनेलक्स एडिशन में पैक थ्री के उच्चतम फीचर्स शामिल हैं. इनमें स्ट्रेटअहेड विज़नएक्स एआर हेड्स-अप डिस्प्ले, ड्राइवर और पैसेंजर पहचान मॉनिटरिंग, हैंड्सफ्री पार्क असिस्ट और सिक्योर360 सुरक्षा सूट शामिल हैं. इसके अलावा कस्टम ड्राइव मोड, डिजिटल चाबी, एचवीएसी मोड और व्यक्तिगत उपयोगकर्ता प्रोफाइल जैसी सुविधाएँ भी दी गई हैं.

सिनेलक्स एडिशन 79 किलोवाट-घंटा बैटरी से चलता है और 500 किलोमीटर से अधिक की रेंज प्रदान करता है. यह लंबी दूरी के लिए आदर्श इलेक्ट्रिक एसयूवी साबित होती है.एक्सईवी 9ई सिनेलक्स एडिशन की कीमत 29.35 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है.

नई टोयोटा फॉर्च्यूनर बड़े बदलाव के साथ शानदार फीचर्स

नई जेनरेशन की टोयोटा फॉर्च्यूनर का भारतीय ग्राहकों को बेसब्री से इंतजार है. हाल ही में इस नई एसयूवी को टेस्टिंग के दौरान देखा गया, जिससे इसके डिजाइन और फीचर्स के बारे में कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं. आइए जानते हैं नई फॉर्च्यूनर में पांच बड़े बदलाव और आकर्षक फीचर्स के बारे में.

स्पाई शॉट्स से पता चला है कि नई फॉर्च्यूनर का फ्रंट डिजाइन हाइलक्स जैसी शैली में होगा. यह पहले से अधिक शार्प, मॉडर्न और अग्रेसिव दिखेगी. इसमें पतले और ऐंगुलर हेडलैंप्स के साथ आकर्षक डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएल) होंगे. हेडलाइट्स को संभवत: एक एप्लिक से जोड़ा जाएगा, जैसा कि हाइलक्स में देखा जाता है. हालांकि टेस्ट मॉडल पर कैमॉफ्लाज लगा होने के कारण पूरी जानकारी अभी निश्चित नहीं है.

नई फॉर्च्यूनर का रियर डिजाइन भी अपडेट किया जाएगा. टेलगेट को नया लुक मिलेगा और एलईडी टेल लैंप्स में कनेक्टिंग लाइट बार भी देखने को मिल सकता है. इससे रियर लुक पहले से ज्यादा चौड़ा और स्क्वेयर शेप वाला दिखेगा. साइड प्रोफाइल में कोई खास बदलाव नहीं होगा. विंडो लाइन, रूफलाइन, रूफ रेल्स, साइड स्टेप और ओवरऑल सिल्हाउट मौजूदा मॉडल के जैसा ही रहेगा.

इंटीरियर में बड़े सुधार किए जाएंगे. केबिन का लेआउट बेहतर होगा और इस्तेमाल किए जाने वाले कलर और ट्रिम्स में बदलाव होंगे. नई फॉर्च्यूनर में एक बड़ा और आसानी से यूज़ होने वाला इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन होगा. इसके साथ वायरलेस ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो का सपोर्ट भी मिलेगा. अनुमान है कि यह 12.3 इंच का स्टैंडअलोन टचस्क्रीन होगा.

एडीएएस फीचर्स को ग्लोबल मॉडल में शामिल किया जा सकता है. इसमें लेवल 2 का सपोर्ट होगा, जैसे कि एडैप्टिव क्रूज़ कंट्रोल, लेन असिस्ट और ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग. भारतीय मॉडल में यह फीचर मिलेगा या नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है.

जीप ने भारत में फिर लॉन्च की रैंगलर विलिस 41

जीप ने भारत में अपनी लोकप्रिय एसयूवी रैंगलर विलिस 41 को फिर से लॉन्च कर दिया है. इस बार इसे सीमित संख्या में ही पेश किया गया है. निर्माता ने स्पष्ट किया है कि भारत में सिर्फ 41 यूनिट्स उपलब्ध कराई जाएंगी. स्टेलेंटिस इंडिया के बिजनेस हेड और ऑटोमोटिव ब्रांड निदेशक कुमार प्रियेश के अनुसार, विलिस की विरासत केवल एक कहानी नहीं बल्कि जीप के चरित्र की नींव है. रैंगलर विलिस 41 2.0 इस विरासत को श्रद्धांजलि देती है. यह मूल 1941 विलिस एमबी की भावना को दर्शाती है और जीप मालिकों द्वारा सराही जाने वाली प्रामाणिकता, कौशल और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान करती है. विलिस के कालातीत तत्वों को आधुनिक इंजीनियरिंग के साथ मिलाकर यह एसयूवी क्षमता, विशिष्टता और चरित्र का अद्भुत मिश्रण पेश करती है.

रैंगलर विलिस 41 में कई प्रीमियम फीचर्स दिए गए हैं. इसमें एलईडी हेडलाइट्स, 12.3 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम, छह एयरबैग, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम, प्रीमियम इंटीरियर और सेमी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल हैं. ये सभी फीचर्स इसे ऑफ रोडिंग और शहरी ड्राइविंग दोनों के लिए उपयुक्त बनाते हैं.

कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए दमदार इलेक्ट्रिक बाइक

आज के कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए बाइक सिर्फ कॉलेज आने-जाने का साधन नहीं रह गई है, बल्कि उनकी पहचान और स्टाइल का हिस्सा भी बन गई है. भारत में इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके साथ ही नई पीढ़ी की इलेक्ट्रिक बाइकें स्मार्ट फीचर्स और आकर्षक डिजाइन के साथ मार्केट में आ रही हैं.

मैटर एरिया 5000- यह भारत की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल है. इसमें पुरानी स्टाइल और नई तकनीक का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है. बाइक में 10 किलोवाट की मोटर और 4 स्पीड गियर हैं, जिससे यह महज 6 सेकंड में 0 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है. 5 किलोवाट-घंटा की बैटरी, स्मार्ट बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम और ड्रक्67 प्रोटेक्शन भी दी गई है. फुल चार्ज पर यह 125 किमी तक चल सकती है. इसमें 7 इंच की टचस्क्रीन, ब्लूटूथ, मैप और बिना चाबी स्टार्ट जैसी तकनीक भी है. एक्स-शोरूम कीमत 1,81,308 रुपये है.

रिवोल्ट आरवी1 ब्लेज़एक्स- शहर में चलाने और युवाओं की पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई यह बाइक हल्की है और भीड़-भाड़ में आसानी से चलती है. इसमें अपग्रेडेड पावरट्रेन, लिथियम-आयन बैटरी और तीन राइड मोड हैं- इको, नॉर्मल और स्पोर्ट. साथ ही स्पष्ट लाइट, डिजिटल मीटर, एंटी-थेफ्ट अलार्म, लोकेशन ट्रैकिंग और राइड चेकिंग जैसी सुविधाएँ भी हैं.

ओला रोडस्टर एक्स सीरीज- यह बाइक स्टाइलिश और कम कीमत में विकल्प चाहने वाले स्टूडेंट्स के लिए है. अलग-अलग बैटरी विकल्पों के साथ आती है और सबसे बड़े मॉडल में दावा किया गया है कि फुल चार्ज पर यह 501 किमी तक चल सकती है. इसमें 4.3 इंच की स्पष्ट स्क्रीन और ओला का नया सॉफ्टवेयर स्प्1द्गह्र 5 है. अच्छे सस्पेंशन और ब्रेक सिस्टम भी दिए गए हैं.